# एक चैरिटी शुरू करना

CHARITIES SERVICES
Ngā Ratonga Kaupapa Atawhai

**इस पृष्ठ में पूछने के लिए मुख्य प्रश्न शामिल हैं, कौन से दस्तावेजों की आवश्यकता है और चैरिटी तथा सामुदायिक समूहों को स्थापित करने पर विचार करने वाले लोगों के लिए आगे क्या करना है।**

## क्या मुझे एक नया समूह शुरू करने की आवश्यकता है?

एक संस्था में समय, पैसे और संसाधन की जरूरत होती है। एक नया समूह शुरू करने का निर्णय लेने से पहले, अपने आप से पूछें:

- क्या कोई मौजूदा चैरिटी है जिसके साथ मैं काम कर सकता/सकती हूँ? दोहराव से बचने के लिए समान कार्य करने वाली चैरिटी को खोजने के लिए चैरिटी रजिस्टर पर खोज करें ।
- क्या मेरे उद्देश्य को पूरा करने के कोई अन्य तरीके हैं? समुदाय में अच्छा काम करने के लिए दाता द्वारा निर्धारित धनराशियों और फंडहोल्डर (निधिधारक) के साथ काम करने के बारे में अधिक जानें।
- क्या मैंने सही लोगों को शामिल किया है? आपको ऐसे लोगों के एक विविध समूह की आवश्यकता होगी जो यह समझते हों: एक समूह कैसे चलाना है, रिपोर्टिंग आवश्यकताएं और एक पंजीकृत चैरिटी होने के दायित्व।

### कानूनी संरचना

यदि आप एक समूह या संस्था शुरू करने का निर्णय लेते हैं, तो आपको यह तय करने की आवश्यकता है कि आप किस तरह की कानूनी संरचना बनाएंगे। आपके विकल्पों के बारे में सोचने में आपकी मदद करने के लिए उपलब्ध विभिन्न संरचनाओं के बारे में हमने एक वेबिनार तैयार किया है। सामुदायिक संसाधन किट और सामुदायिक कानून मैनुअल भी आपको निर्णय लेने में मदद करने के लिए अच्छे संसाधन हैं। Te Puni Kokiri माओरी संस्थाओं के लिए संरचनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करता है।

### नियम

इसके बाद, आपको एक नियम दस्तावेज़ लिखना होगा - जिसे संविधान या ट्रस्ट डीड के रूप में भी जाना जाता है। आपके नियम दस्तावेज़ को चैरिटेबल (परोपकारी) माने जाने के लिए कुछ आवश्यकताओं को पूरा करने की आवश्यकता है।

#### उपयोगी जानकारी:

- चैरिटेबल ट्रस्ट अपने क्लॉज (अनुच्छेद) तैयार करने के लिए Sample Charitable Trust Deed and Guide (चैरिटेबल ट्रस्ट डीड एंड गाइड का नमूना) का उपयोग कर सकते हैं। यह एक टेम्प्लेट (नमूना) है जिसे आप डाउनलोड और एडिट (सम्पादित) कर सकते हैं।
- Incorporated Societies (निगमित संस्थाएं) अपनी सोसायटी के नियमों को लिखने या संशोधित करने के लिए Constitution Builder (कॉन्स्टीट्यूशन बिल्डर) – 'यह अपने आप करो' नामक इस ऑनलाइन टूल का उपयोग कर सकती हैं।
- यदि आप इनलैंड रेवेन्यू के साथ दान ग्रहण करने वाले का दर्जा प्राप्त करना चाहते हैं, तो आपकी संस्था के नियमों में यह सुनिश्चित होना चाहिए कि इसकी धनराशि पूरी तरह से या मुख्य रूप से न्यूज़ीलैंड में परोपकार के उद्देश्यों के लिए प्रयोग की जाएगी। इनलैंड रेवेन्यू की वेबसाइट पर अधिक जानकारी प्राप्त करें।

### इनकॉरपोरेशन (निगमन)

यदि आप अपने समूह को निगमित करने का निर्णय लेते हैं (एक निगमित सोसायटी, ट्रस्ट या कंपनी के रूप में), तो आपको चैरिटी के रूप में पंजीकृत करने के लिए आवेदन करने से पहले कंपनी कार्यालय में आवेदन करने की आवश्यकता है। इनकॉरपोरेशन (निगमन) के बारे में अधिक जानने के लिए हमारा ब्लॉग पढ़ें।

- Charitable Trust Register (चैरिटेबल ट्रस्ट रजिस्टर)
- Incorporated Societies Register (इनकॉरपोरेटिड सोसायटी रजिस्टर)
- Companies Register (कंपनी रजिस्टर)

निगमित संगठनों को कंपनी कार्यालय के साथ पंजीकरण के बाद स्वचालित रूप से न्यूज़ीलैंड बिजनेस नंबर (NZBN) सौंपा जाता है। यदि आप इनकॉरपोरेटिड (निगमित) नहीं हैं, तो NZBN वेबसाइट के माध्यम से आपकी संस्था के लिए नि:शुल्क NZBN के लिए आवेदन करना आसान है। NZBN के बारे में चैरिटी को क्या जानने की जरूरत है इस बारे में हमारे ब्लॉग को पढ़ें।

आपको एक इनलैंड रेवेन्यू नंबर की भी आवश्यकता होगी। आप उनकी वेबसाइट पर प्रक्रिया के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह जानकारी उन लोगों के लिए है जो एक साधारण सामुदायिक समूह स्थापित करना चाहते हैं। यदि आपके पास महत्वपूर्ण संसाधन हैं, और आप जमीन के मालिक हैं या लोगों को रोजगार देना चाहते हैं, तो हम आपको एक वकील से बात करने की सलाह देते हैं।

एक बार जब आप एक नियम दस्तावेज़ तैयार कर लेते हैं और इनकॉरपोरेशन (निगमीकरण) का निर्णय कर लेते हैं, तो आप पंजीकृत होने के लाभों और दायित्वों को देखकर यह तय कर सकते हैं कि क्या आप एक चैरिटी के रूप में पंजीकरण के लिए आवेदन करना चाहते हैं या नहीं और पंजीकरण करवाने की तैयारी कर सकते हैं।

## उपयोगी संसाधन

### ► Community Resource Kit (सामुदायिक संसाधन किट)

Community Resource Kit एक गहन संसाधन है जिसे CommunityNet Aotearoa (कम्युनिटीनेट आओटियारोआ) द्वारा उपलब्ध कराया गया है। यह आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड में सामुदायिक समूहों की स्थापना और संचालन के लिए एक गाइड है। इसे समुदाय, स्वैच्छिक और iwi (ईवी)/ माओरी समूहों के लिए तैयार किया गया है और आपके शासन समूह, कर्मचारियों और स्वयंसेवकों के लिए उपयोगी है। इसमें शामिल हैं: आरंभ करना, योजना बनाना, संगठनात्मक संरचनाएं, शासन, नीतियां, बैठकें, वित्तीय प्रबंधन, रिकॉर्ड कीपिंग, फंड जुटाना, रोजगार और संचार।

### ► NZ Navigator (एनज़ैड नेविगेटर)

NZ Navigator (एनज़ैड नेविगेटर) सामुदायिक समूहों के लिए तैयार किया गया एक मुफ्त ऑनलाइन सैल्फ-असैसमेंट टूल (स्व-मूल्यांकन उपकरण) है। आप इसका उपयोग नौ अलग-अलग क्षेत्रों में अपने समूह के गुणों और कमजोरियों का आकलन करने के लिए कर सकते हैं – दिशा, शासन, नेतृत्व, लोग, प्रशासन, वित्त, संचार, मूल्यांकन और संबंध। एक बार आप के द्वारा एक मूल्यांकन पूरा कर लेने के बाद, आपके समूह को विकसित करने में आपकी मदद करने के लिए प्रतिक्रिया और संसाधनों (एक कार्य योजना सहित) के साथ एक गहन रिपोर्ट आपको ईमेल की जाती है।

## अन्य उपयोगी संसाधन

- CommunityNet Aotearoa (कम्युनिटीनेट आओटियारोआ) आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड में एक सबसे बड़ा ऑनलाइन हब है और समूहों और समुदायों को मजबूत करने के लिए तैयार किए गए व्यावहारिक संसाधनों की एक बड़ी श्रृंखला प्रदान करता है।
- Community Law New Zealand (कम्युनिटी लॉ न्यूज़ीलैंड) The Community Toolkit – नामक एक व्यावहारिक कानूनी संसाधन तैयार करता है। इसका उद्देश्य उन लोगों के लिए है जो एक नया समूह स्थापित करने की योजना बना रहे हैं (या पुनर्गठन पर विचार कर रहे हैं) और कानूनी अधिकारों और दायित्वों के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं।
- Sport New Zealand Ihi Aotearoa (स्पोर्ट न्यूज़ीलैंड इही आओटियारोआ) आपके समूह को चलाने में आपकी मदद करने के लिए उत्कृष्ट शासन संसाधन प्रदान करता है। वे आपके संचालन ज्ञान को आगे बढ़ाने के लिए एक मुफ्त ऑनलाइन संचालन -विधि कोर्स प्रदान करते हैं। यदि आप कुछ संक्षिप्त रूप में चाहते हैं, तो Governance Lite (गवर्नेंस लाइट) जानकारी को देखें।
- SociaLink (सोशललिंक) के पास कई उत्कृष्ट संसाधन हैं जो डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध हैं। वे कार्यनीतिक योजना, वित्तीय प्रबंधन, शासन और स्वास्थ्य एवं सुरक्षा जैसे विषयों पर काम करते हैं।
- Wheelhouse (व्हीलहाउस) समूहों को सफल होने में सक्षम बनाने के लिए सूचना, सहायता, सलाह और प्रशिक्षण प्रदान करता है।
- Creative New Zealand (क्रिएटिव न्यूज़ीलैंड) टूलकिट, कार्यशालाएं, वेबिनार और प्रशिक्षण प्रदान करता है जो सभी समूहों के लिए उपयोगी हैं लेकिन इनका फोकस (ध्यान) कला पर केंद्रित है।
- Institute of Directors (इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स) का नॉट-फॉर-प्रॉफिट (लाभ के लिए नहीं ) हब गैर-लाभकारी समूहों के लिए संसाधनों, लेखों और मार्गदर्शिकाओं का एक संग्रह प्रदान करता है।

### अभी भी मदद चाहिए?

वन-ऑन-वन क्लिनिक (व्यक्तिगत रूप से बात करने के लिए) बुक करें और आप हमसे फोन या वीडियो चैट (ज़ूम) द्वारा बात कर सकते हैं।

### CommunityNet Aotearoa (कम्युनिटीनेट आओटियारोआ) के introduction to record keeping (रिकॉर्ड रखने का परिचय) को देखें।

फोन: 0508 CHARITIES (0508 242 748)
ईमेल: info@charities.govt.nz

*Published April 2022*